पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

---------

# श्री अन्न के व्यंजनों से सुगंधित हुई राजभवन की शाम

## राज्यपाल ने राजभवन में कार्यरत महिलाओं के बनाएं मिलेट्स व्यंजनों का सबके साथ लिया आंनद

## बच्चों को जरूर खिलाएं मिलेट्स
## – राज्यपाल श्रीमती आंनदीबेन पटेल

---------

**लखनऊः 24 अप्रैल, 2023**

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में कार्यरत महिलाओं द्वारा बनाए मोटे अनाज–श्री अन्न से बने व्यंजनों का आंनद लिया। ये व्यंजन राजभवन में कार्यरत महिलाएं अपने घरों से बनाकर लाई थीं और उन्होंने सभी सहकर्मियों के लिए इन व्यंजनों को परोसा। मोटे अनाज के स्वादिष्ट व्यंजनों की सुगन्ध में अनायास ही सहकर्मी इन व्यंजनों को बनाने की विधि पूँछते नजर आए।

राज्यपाल जी ने विविधतापूर्ण व्यंजनों की रैसिपी बुक बनाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि व्यंजनों के स्वाद घर के बच्चों में विकसित करें, जिससे वे पौष्टिकता प्राप्त करें। स्वस्थ और मजबूत बने। उन्होंने इसी क्रम में सबको बताया कि हमारे देश के प्रधानमंत्री ने जब विश्व पटल पर वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष घोषित करने का प्रस्ताव रखा, तो पूरे विश्व ने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व हमेशा बड़े स्तर पर सबकी बेहतरी के लिए सोचता है। राज्यपाल जी ने राजभवन के पुरूष कर्मियों को भी मोटे अनाज के व्यंजन निर्माण के लिए प्रेरित किया।

आज प्रदर्शित किए गए व्यंजनों में जहाँ रागी, बाजरा, कोंदो के लड्डू, बाजरे की खीर, ज्वार के ढोकले, मल्टीग्रेन पोहा, बाजरे की चाट, सांवा की खीर और पुए जैसे विविधतापूर्ण व्यंजन महके, वहीं व्यंजनों के साथ महिला कर्मचारी श्रीमती रीता यादव की चटनी पर लिखी कविता का चटकारा भी सहकर्मियों ने लिया।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्रीमती कल्पना अवस्थी सहित राजभवन के समस्त महिल7ा एवं पुरूष कर्मचारी उपस्थित रहे।

————

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361